Victorian Homebuyer Fund

तथ्य पत्र

Victorian Homebuyer Fund (विक्टोरियन होमबायर फंड) क्या है?

$1.6 बिलियन का Victorian Homebuyer Fund (Homebuyer Fund) विक्टोरियाई सरकार की नई साझी इक्विटी योजना है। यह योजना 10 000 से अधिक विक्टोरियाई लोगों को अपने खुद के घर में प्रवेश करने में सहायता करेगी। यह योजना State Revenue Office (राज्य के राजस्व कार्यालय) (SRO) द्वारा प्रबंधित है।

हालाँकि कई लोग उनकी ज़रूरतों को पूरा करने वाला घर किराए पर लेने में समर्थ हो सकते हैं, परन्तु डिपाज़िट जमा करने की चुनौति और उनकी ज़रूरतों को पूरा करने वाले एक किफायती घर की खोज करना, घर के मालिक बनने की संभावना को पहुँच से दूर कर सकता है।

Homebuyer Fund और विक्टोरियाई सरकार के कारण अपने खुद के घर का स्वामित्व प्राप्त करना और कहीं अधिक आसान बन गया है। यह आपके अपने घर का मालिक बनने का तरीका हो सकता है।

Homebuyer Fund कैसे काम करता है?

Homebuyer Fund एक साझी इक्विटी योजना है, जहाँ विक्टोरियाई सरकार प्रापर्टी (संपत्ति) में हिस्से के बदले में घर की खरीद में आर्थिक योगदान देती है। सरकार अपने निवेश पर ब्याज प्राप्त नहीं करती है परन्तु सरकार को संपत्ति में अपने हिस्से के अनुरूप पूंजीगत लाभ या हानि में हिस्सा मिलेगा।

विक्टोरियाई सरकार सहभागियों की ओर से अधिग्रहण की कीमत के अधितकम 25% का योगदान करेगी। यह एबोरिजनल और टोरस स्ट्रेट द्वीपवासी सहभागियों के लिए बढ़ कर 35% तक की जाती है। सहभागियों को अधिग्रहण कीमत के कम से कम 5% (यह एबोरिजनल और टोरस स्ट्रेट द्वीपवासी सहभागियों के लिए 3.5% तक कम हो सकता है), तथा साथ ही अधिग्रहण खर्च, जैसे कि स्टैम्प ड्यूटी और कन्वेन्स की लागत, का योगदान देना होगा। शेष राशि Homebuyer Fund के सहभागी ऋणदाता के माध्यम से सुरक्षित किया जाना होगा।

Homebuyer Fund सहभागी रिफाइनेंसकरवा के, जमा की गई बचत द्वारा, या संपत्ति की बिक्री के माध्यम से संपत्ति में सरकार के हिस्से को खरीद सकते हैं। बिक्री के लाभ पहले सहभागी ऋणदाता के लिए देय किसी राशि का -भुगतान करने के लिए किया जाएगा।

खरीद की कीमत	$500,000	
डिपॉज़िट (5%)	$25,000	
विक्टोरियाई सरकार का योगदान (25%)	$125,000	$475,000
बैंक से ऋण* (70%)	$350,000	

*यह ज़रूरी है कि आप ऋणदाता के सभी पात्रता मानदण्ड को पूरा करें।

उदाहरण

आप Homebuyer Fund के माध्यम से एक घर खरीदते हैं और अपने घर के कम से कम 70 प्रतिशत का स्वामित्व प्राप्त करते हैं। आप कम से कम 5% डिपॉज़िट देते/देती हैं और घर के अधिग्रहण से जुड़े खर्च देते/देती हैं। विक्टोरियाई सरकार 25% तक योगदान देती है।

विक्टोरियाई सरकार द्वारा दिया जाने वाला योगदान खरीद की कीमत और आपके ऋण की राशि पर निर्भर करता है।

क्या मैं योग्य हूँ?

Homebuyer Fund के योग्य होने के लिए यह ज़रूरी है कि:

- आप ऑस्ट्रेलियाई नागरिक हों या आपके पास परमानेंट रेज़ीडेंट (स्थायी निवासी) का स्टेट्स हो
- आपकी आयु 18 साल या इससे अधिक हो
- आपका अलग से या किसी के साथ संयुक्त तौर पर, संपत्ति में हिस्सा न हो
- आपका इरादा खरीदी गई संपत्ति में रहने वाले मालिक बनने का हो
- आप प्रति वर्ष $130,485 तक की कर योग्य आय वाला एक आवेदक हों या प्रति वर्ष $208,775 तक की कर योग्य आमदनी वाला घर-परिवार* हों

*अधिकतम चार सहभागी आवेदन कर सकते हैं

यदि मैं योग्य हूँ, तो मैं किस प्रकार की संपत्ति खरीद सकता/सकती हूँ?

किसी संपत्ति के पात्र होने के लिए, यह ज़रूरी है कि संपत्ति 'आवासीय संपत्ति' हो। पात्र आवासीय संपत्तियों में शामिल हैं:

- कोई मौजूदा घर, टाउनहाउस या अपॉर्टमेंट
- नव-निर्मित संपत्तियाँ यदि संपत्ति के पास सर्टिफिकेट ऑफ आक्यूपेन्सी है

आवासीय संपत्ति का मूल्य उस क्षेत्र की प्रासंगिक कीमत सीमा से अधिक नहीं होना चाहिए जहाँ वह संपत्ति स्थित है। कीमत से जुड़ी सीमाएँ हैं:

ग्रेटर मेलबोर्न और जिलॉन्ग - $950,000

क्षेत्रीय विक्टोरिया - $600,000

पात्र सबर्बों की संपूर्ण सूची के लिए यह वेबसाइट देखें: **sro.vic.gov.au/homebuyer/eligiblelocations**

कौन-कौन से ऋणदाता Homebuyer Fund पर सहभागी हैं?

भाग लेने वाले जिन ऋणदाताओं ने Homebuyer Fund पर विक्टोरियाई सरकार के साथ भागीदारी की है, उनके विवरणों के लिए **vic.gov.au/homebuyer** वेबसाइट देखें।

मेरी इसमें रूचि है। अगला कदम क्या है?

अपने खुद के घर के मालिक बनने का पहला कदम पात्रता जांच पूरी करना है। SRO की वेबसाइट **vic.gov.au/homebuyer** देखें।

मैं संपर्क कैसे करूँ?

अधिक जानकारी के लिए, कृपया SRO से निम्नलिखित तरीकों से संपर्क करें:

टेलीफोन: (03) 7020 1549

ई-मेल: **homebuyer@sro.vic.gov.au**

वेब: **vic.gov.au/homebuyer**